भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3905
उत्तर देने की तारीख 24.03.2025

राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन

3905. श्री शशांक मणि :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के प्रमुख उद्देश्यों और पहलों को रेखांकित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस मिशन ने उत्तर प्रदेश सहित भारत की पांडुलिपियों और विरासत के परिरक्षण, दस्तावेजीकरण और प्रसार में योगदान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस मिशन के अंतर्गत पांडुलिपियों को डिजिटल बनाने और उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनता के लिए भी सुलभ बनाने के लिए किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है और अब तक कितनी पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया गया है; और

(घ) क्या सरकार के पास इस विरासत संग्रह तक जनता की पहुंच बढ़ाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): सरकार भारत की समृद्ध पाठ्य परंपराओं को कायम रखने और उनका कीर्तिगान करने के लिए डिजिटलीकरण का विस्तार करने और सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने के प्रति समर्पित है। सरकार ने भारत की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को संरक्षित, प्रलेखित और प्रसारित करने के लिए राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमएम) के तहत प्रमुख उद्देश्यों और पहलों की रूपरेखा तैयार की है। मिशन को 2024-31 की अवधि के लिए केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम के रूप में 'ज्ञान भारतम मिशन' नाम से पुनर्गठित किया गया है, जिसके तहत कुल 482.85 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) **सर्वेक्षण और प्रलेखन:** भारत की पांडुलिपि संपदा का व्यापक रिकॉर्ड कायम रखने के लिए पांडुलिपियों का एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण और पंजीकरण करना।

(ii) **संरक्षण और परिरक्षण:** भारत में संग्रह केंद्रों में पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण और निवारक संरक्षण।

(iii) **डिजिटलीकरण:** व्यापक पहुंच के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पांडुलिपि पुस्तकालय सृजित करने के लिए पांडुलिपियों का बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण।

(iV) **प्रकाशन और अनुसंधान:** विद्वानों के अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दुर्लभ और अप्रकाशित पांडुलिपियों का संपादन, अनुवाद और प्रकाशन।

(V) **क्षमता निर्माण:** विशेषज्ञता का निर्माण करने के लिए पांडुलिपि विज्ञान, पुरालेखविज्ञान और संरक्षण में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।

(vi) **आउटरीच और जागरूकता:** पांडुलिपि विरासत के बारे में लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना।

संस्थाओं के साथ सहयोग: पांडुलिपि अनुसंधान और संरक्षण प्रयासों के लिए भारत में शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगपतियों के साथ सहभागिता।

(ख): राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन ने उत्तर प्रदेश सहित भारत की पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने, उसका दस्तावेजीकरण करने और उसका प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

(i) संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, पांडुलिपि अनुसंधान, दस्तावेजीकरण और संरक्षण में एक प्रमुख भागीदार रहा है।

(ii) राज्य के प्रतिष्ठित संस्थानों में पांडुलिपि संसाधन केंद्र (एमआरसीएस) और पांडुलिपि संरक्षण केंद्र (एमसीसी) स्थापित किए गए हैं।

(iii) अब तक, पूरे भारत में उत्तर प्रदेश की सबसे अधिक संख्या सहित 52 लाख से अधिक पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण किया जा चुका है।

(iV) मिशन ने पांडुलिपि संरक्षण और प्रतिलेखन में विद्वानों और अभिलेखपालों को प्रशिक्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश में कई क्षमता निर्माण कार्यक्रम और कार्यशालाएँ आयोजित की हैं। राज्य के विभिन्न पुस्तकालयों से दुर्लभ संस्कृत, फ़ारसी और अरबी

पांडुलिपियों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए विशेष परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

(ग): सरकार राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (जिसे अब 'ज्ञान भारतम मिशन' कहा जाता है) के माध्यम से भारत की अमूल्य पांडुलिपि विरासत की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही इसकी व्यापक पहुँच और अकादमिक एकीकरण सुनिश्चित करती है। राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के माध्यम से, पांडुलिपियों को डिजिटल बनाने और उन्हें ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से जनता के लिए सुलभ बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) अब तक, 3.5 करोड़ से अधिक फ़ोलियो को कवर करने वाली लगभग 3.5 लाख पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है।

(ii) वेब पोर्टल namami.gov.in पर 1,35,000 से अधिक पांडुलिपियाँ अपलोड की गई हैं, जिनमें से 76,000 पांडुलिपियाँ सार्वजनिक पहुँच के लिए नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

(iii) मिशन का लक्ष्य आगामी पाँच वर्षों में फ़ोलियो का डिजिटलीकरण करना है। इसका ध्यान दुर्लभ और नाजुक पांडुलिपियों पर है ताकि उनका दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

(घ): सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत की पांडुलिपि विरासत को न केवल संरक्षित किया जाए, बल्कि अकादमिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक शोध के लिए भी सक्रिय रूप से उपयोग किया जाए। 'ज्ञान भारतम मिशन' के माध्यम से, सरकार ने भारत की पांडुलिपि विरासत तक सार्वजनिक पहुँच बढ़ाने के लिए एक विस्तार योजना तैयार की है। अन्य बातों के साथ-साथ प्रमुख उपायों में शामिल हैं:

(i) पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण और प्रसार का विस्तार करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, निजी संग्रहकर्ताओं और शोध संगठनों के साथ काम करना।

(ii) पांडुलिपियों के शोध और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करना।

(iii) विद्वानों और आम जनता को जोड़ने के लिए नियमित प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं और पांडुलिपि उत्सवों का आयोजन करना। पांडुलिपि वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी का एक समूह तैयार करना।

*****